बिहार के 20 शिक्षकों को मिला राजकीय शिक्षक पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

- 5 सितंबर, 2023 को बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने पटना में 20 सरकारी शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किये। राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित 20 सरकारी शिक्षकों में सात महिला शिक्षक हैं।

प्रमुख बिंदु

- यह सम्मान समारोह श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षकों को पुरस्कारस्वरूप 15 हज़ार रुपए का चेक, अंग-वस्त्रम और स्मृति चिह्न प्रदान किये गए।
- सम्मान समारोह के दौरान प्राथमिक शिक्षा निदेशक शिक्षक कल्याण कोष में अधिकतम राशि जमा करने वाले प्रथम तीन ज़िलों के ज़िला शिक्षा पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।
- पटना ज़िले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिन्हा, राजकीय मूक-बधिर बालक विद्यालय के प्राचार्य सुबीर बनर्जी और प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही को सम्मानित किया गया।
- इसके अलावा कटिहार के अर्जुन कुमार साहा, मधुबनी के हाईस्कूल, मलमल की संगीता कुमारी और वैशाली के मध्य विद्यालय, हरिहरपुर के शिक्षक उमेश कुमार यादव को भी सम्मानित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/20-teachers-of-bihar-received-state-teacher-award